# वित्तीय वर्ष 2025–26 की ए0आई0पी0 अन्तर्गत मलीय कचरा प्रबन्धन का संक्षिप्त विवरण

जनपद में निर्मित कुल 357465 शौचालयों के सर्वे के उपरान्त 12692 एक गड्ढे के शौचालय एवं 7615 शौचालय बिना लीचपिट के सेप्टिक टेंक वाले पाये गये। वित्तीय वर्ष 2025–26 में एक गड्ढे वाले शौचालयों में दूसरे गड्ढे का निर्माण एवं बिना लीचपिट के सेप्टिक टेंक वाले शौचालयों में एक लीच पिट का निर्माण कार्य कराया जाना है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में फीकल स्लज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त योजना की स्थापना हेतु प्रत्येक घटक के रख–रखाव व संचालन को भी ध्यान में रखते हुये ग्राम पंचायत एवं मनरेगा कन्वर्जेन्स/सहयोग से उपलब्ध धनराशि के माध्यम से संचालित कराये जाने की योजना है, जिसमें प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर मलीय कचरा एकत्रीकरण हेतु एक–एक वाहन एवं रख–रखाव व संचालन व्यवस्था हेतु दो–दो श्रमिकों हेतु पृथक से व्यय मद की आवश्यकता होगी।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर